नया इंडिया
राजस्थान

मौसम
रपट/पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
12-अगस्त	23.0	32.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।
13-अगस्त	23.0	32.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

समाचार: जिला, आसपास

प्रधानमंत्री उज्जवला-2 योजना का पीएम ने किया शुभारंभ

भीलवाड़ा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने महोबा उत्तर प्रदेश में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एलपीजी कनेक्शन सौंपकर उज्ज्वला 2 प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला के लाभार्थियों से बातचीत की। उज्जवला योजना के डीएनओ कपिल रांकावत ने जानकारी देते हुए बताया की इस योजना का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना से जिन लोगों का जीवन रोशन हुआ है। विशेषकर महिलाओं की संख्या अभूतपूर्व है। यह योजना 2016 में यूपी के बलिया से स्वतंत्रता संग्राम के प्रणेता मंगल पांडे की भूमि से शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि आज उज्ज्वला का दूसरा संस्करण भी यूपी की वीरभूमि महोबा से लॉन्च किया गया है। हमारी बेटियां घर और रसोई से बाहर निकलकर राष्ट्र निर्माण में व्यापक योगदान तभी कर पाएंगी जब घर और रसोई से जुड़ी समस्याओं का समाधान पहले होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उज्जवला योजना से बहनों के स्वास्थ्य, सुविधा और सशक्तिकरण के संकल्प को काफी बल मिला है। योजना के पहले चरण में 8 करोड़ गरीब, दलित, वंचित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मुफ्त गैस कनेक्शन का लाभ कोरोना महामारी के दौर में महसूस किया गया। उज्जवला योजना ने एलपीजी गैस के बुनियादी ढांचे का कई गुना विस्तार किया है। पिछले 6.7 वर्षों के दौरान 11 हजार से अधिक एलपीजी वितरण केंद्र खोले गए हैं।

भाजपा में महिला मोर्चा की अहम भूमिका : तेली

भीलवाड़ा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रथम बैठक जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, महामंत्री मुरली जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू पालीवाल के सानिध्य में भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें नवनियुक्त महिला मोर्चा कार्यकारिणी सम्मिलित हुई भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली ने प्रथम मीटिंग में सब का परिचय लिया साथ ही बताया कि भाजपा में महिला मोर्चा की अहम भूमिका है महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू पालीवाल ने पदाधिकारियों से कहा कि हमें भाजपा में बढ़-चढ़कर संगठन को मजबूत करना है।

खदान का मलबा ढहने से सात मजदूर दबे, चार की मौत

एक महिला और तीन पुरुष मजदूरों के शवों को निकाला जा चुका है।

जयपुर ■ भाषा

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में बुधवार को खनन कार्य के दौरान खदान का एक तरफ का मलबा ढह गया, जिससे सात मजदूर इसकी चपेट में आकर दब गए। हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई।

भीलवाड़ा के जिलाधिकारी शिव प्रसाद नकाते ने 'भाषा' को बताया कि लाछुडा गांव में बुधवार को खनन कार्य के दौरान खदान का एक तरफ का मलब ढह जाने से उसमें तीन महिलाएं और चार पुरुष मजदूर दब गये। एक महिला और तीन पुरुष मजदूरों के शवों को निकाला जा चुका है। उन्होंने बताया कि मलबे में दबे तीन अन्य लोगों को निकालने का प्रयास जारी है।

नकाते ने बताया कि जिस जगह घटना घटित हुई है वह गैर-कानूनी रूप से संचालित खदान थी। छोटी सी जगह पर खनन कार्य किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व इस स्थान पर गैर-कानूनी खनन करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेसीबी और अन्य मशीनों को जब्त किया गया था।

उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए मांगे सुझाव, की समीक्षा

प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बनेगा 5 शिक्षकों का पेनल, होगा टास्क फोर्स का गठन : नकाते

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का जिले में क्रियान्वयन, सुझावों एवं समीक्षा के लिए जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम. नकाते की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई । जिला कलक्टर ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता व नवाचार बढ़ाने के लिए नई शिक्षा नीति का अच्छे तरीके से क्रियान्वयन जरूरी है जिससे कि छात्र-छात्राएं का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर बेहतर भविष्य निर्माण हो सके । उन्होंने अधिकारियों को कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए बेहतरीन सुझाव प्राप्त हो इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर 5 अध्यापकों का पैनल बनाये जिससे कि छात्र-छात्राओं के आकलन क्षमता बढ़ाने व पेरेंट्स की मानसिकता को ध्यान में रखकर अच्छे सुझाव प्राप्त हो सके ।

नकाते ने टास्क फोर्स का गठन करने व निरंतर बैठक करने को कहा जिससे कि छात्रों की स्किल, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं टेक्नोलॉजी का विकास हो एवं उन्हें क्वालिटी शिक्षा मिल सके । बैठक में जिला कलक्टर ने वोकेशनल एजुकेशन, आगामी स्कूल खुलने पर कोविड गाइडलाइन की पालना करवाने एवं वर्तमान मे जारी ऑनलाइन शिक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इससे पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ब्रह्माराम चौधरी एवं कैलाश मंडेला ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुख्य बिंदुओं, परिवर्तनो से सभी अधिकारियों को अवगत कराया । बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) बंसीलाल कीर, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) योगेश चंद्र पारीक सहित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

नाबालिगा का अपहरण कर किया सामूहिक दुष्कर्म, तीन युवकों पर लगाया आरोप

भीलवाड़ा। जिले के मांडल थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की को तीन युवकों द्वारा मंदिर से अगवा कर जंगल में ले जाकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। युवती के इन आरोपों के बाद पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। गांव में मांडल, बनेड़ा, रायला और बागौर थाने व पुलिस लाइन का जाप्ता तैनात किया गया है। मांडल थाना प्रभारी राजेन्द्र गोदारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह और डीएसपी सुरेन्द्र कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं। फिलहाल नाबालिगा से पूछताछ की जा रही है। मांडल थाना पुलिस के अनुसार एक बीमार महिला को मांडल थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित एक मंदिर पर 4-5 दिन से रखा हुआ था। महिला की देख-रेख के लिए उसकी नाबालिग दोहिती मंदिर पर ही रह रही थी। आरोप है कि वहीं काम कर रहे तीन युवक मंगलवार शाम साढ़े सात बजे मंदिर से नाबालिग लड़की को उठा ले गये। ये युवक, नाबालिग को जंगल में ले गये, जहां उसके साथ युवकों ने गैंगरेप किया। इसके बाद अल सुबह करीब 5 बजे लड़की को छोड़कर युवक वहां से भाग छूटे। उधर, सुबह इस घटना की जानकारी मिलने पर लोगों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया। मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये नाबालिग से पूछताछ कर उसके द्वारा बताये गये संदिग्ध युवकों को पुलिस थाने ले आई।

फटाफट

पूर्व मंत्री रामपाल उपाध्याय की मनाई पुण्यतिथि

भीलवाड़ा। राजस्थान के पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामपाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामपाल शर्मा ने सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, महासचिव आशीष राजस्थाला, जिला सचिव हेमराज आचार्य, रामदयाल बलाई, रफीक शेख, खेमराज पनवा, शिवराज सुराणा, सी.पी.खटीक, लहरू जाट आदि मौजूद थे। इसी तरह गंगापुर नगर के बस स्टैंड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मे प्रेरणा स्थल पर पूर्व सांसद एवं मंत्री स्वर्गीय रामपाल उपाध्याय की बुधवार को 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सबसे पहले परिजनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, उसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र तेली, मुकेश चंदेल, धीरज चंदेल,राजेंद्र त्रिवेदी,चेतन डीडवानिया, रेखा हिरण, कैलाश महता,संजय रुईया, बंशीलाल रेगर,प्रेमचंद ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

फव्वारा एवं ड्रिप स्थापन के लिए शिविर आज

भीलवाड़ा। जिले में उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तहत फव्वारा एवं ड्रिप संयंत्र लगवाने के लिए गुरूवार, 12 अगस्त को परी रिसोर्ट, बेमाली चौराहा पर विशेष शिविर का आयोजना किया जायेगा जिसमें फव्वारा एवं ड्रिप लगवाने के इच्छुक किसानों के आवेदन तैयार करवाकर उसी दिन ई-मित्र के माध्यम से "राज किसान साथी पोर्टल" पर ऑनलाईन करवाये जायेगें। किसानों के आवेदन 15 अगस्त तक ही ऑनलाईन स्वीकार किये जायेगें। सहायक निदेशक उद्यान राकेश कुमार माला ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई योजना में ड्रिप संयंत्र लगवाने पर लघु-सीमान्त किसानों को इकाई लागत का 70 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 50 प्रतिशत अनुदाय देय है तथा इस योजना में फव्वारा संयंत्र क्रय करने पर लघु सीमान्त किसानों को इकाई लागत का 60 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 50 प्रतिशत का अनुदान देय होगा।

भाविप सीएस आज़ाद शाखा ने किया सघन पौधरोपण

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

भारत विकास परिषद, शाखा चंद्रशेखर आजाद के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मोखमपुरा के खेल मैदान में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष अनुज मुछाल और सचिव दीपेश खंडेलवाल ने बताया कि परिषद अपने पांच सूत्रों "सम्पर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार एवं समर्पण" के माध्यम से समाज के उत्थान सेवा एवं संस्कार के कार्यक्रम लगातार करती है। इसी के अन्तर्गत आज 85 पौधों का रोपण लगाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नये लोगो के साथ सम्पर्क व उनसे सहयोग के साथ पेडों की सेवा हेतु नागरिकों में संस्कार व समर्पण की भावना जाग्रत करने का कार्य किया गया। प्रकल्प प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को ध्यान मे रखते हुए 85 विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार वृक्ष लगाए गये,जिनमें नीम,गुल मोहर, करंज, जामुन, आम, बील, शहतूत, अनार, बरगद आदि पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अंकुश समदानी, कार्यक्रम प्रभारी दीपक लुकिंया, दिलाप मालीवाल, के साथ ही नए सदस्य सौरभ काबरा सहित राधेश्याम शर्मा, रघुनाथ बिश्नोई एवं संजय सारस्वत सहित आसपास के कई लोग उपस्थित थे।

आरसीसी की छत गिरने से पांच घायल

भीलवाड़ा। जिले के शाहपुरा में उदयभान गेट के बाहर मंगलवार को सांयकाल निर्माणाधीन व्यवसायिक गोदाम की आरसीसी छत अचानक भरभरा कर नीचे गिर जाने से तीन श्रमिक नीचे दब गये जिनको सुरक्षित निकाल लिया गया। तीनों श्रमिकों सहित पांच जने घायल हुए जिनको सेटेलाइट चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। एक श्रमिक के गंभीर होने पर उसे भीलवाड़ा रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कस्बे में उदयभान गेट के बाहर रामधन बोहरा के व्यवसायिक गोदाम का निर्माण कार्य चल रहा था।

हलचल : मेवाड़

लहरिया पहन महिलाओं ने मनाया तीज का सिंजारा

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

आर.के.आर.सी. व्यास माहेश्वरी महिला संगठन की बोर्ड सदस्याओं द्वारा द्वारा तीज के सिंजारे का आयोजन रखा गया। अखंड सौभाग्य व सुहाग की प्रतीक श्रावणी तीज की पूर्व संध्या पर नंदन कानन उद्यान में हुए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष इंदिरा हेड़ा व सचिव चेतना जागेटिया ने बताया की कार्यक्रम में सभी सदस्याओं ने लहरिया पहनकर नृत्य किये, झुलो का आनंद उठाया व परंपरागत भजन गाकर आनंद लिया। सुचिता कांगटा व मितिका लढ्ढा ने हाउजी खिलाई। अंताक्षरी व अन्य गेम्स भी खेले । प्रचार मंत्री सुनीता काबरा ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में भोज का भी आयोजन रखा गया ,जिसमें मंडल की लाड देवी लढ्ढा, वंदना नवाल , स्नेहलता तोषनीवाल, पूनम डाड, रंजना बिड़ला, सुनीता बिड़ला सुमन दरगड, पल्लवी लढा, सविता शारदा, चंद्रकांता गगरानी , विनीता नवाल, उषा राठी, सुमित्रा दरगड ,सीमा बिड़ला आदि सदस्याएं उपस्थित थी।

सुर्खियां

पूर्व पार्षद पिस्टल व पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

भीलवाड़ा। जिले की गुलाबपुरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के बावड़ी चौराहे पर पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस के साथ पूर्व पार्षद को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दीवान मुरलीधर बीती रात कांस्टेबल विजय पाल और रफीक मोहम्मद के साथ कस्बे में गश्त पर थे। इस दौरान दीवान को मुखबिर ने सूचना दी कि बावड़ी चौराहे पर एक व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास हथियार हो सकता है। सूचना पर दीवान मुरलीधर मय जाब्ता बावड़ी चौराहा पहुंचे, जहां मुखबिर सूचना के मुताबिक एक व्यक्ति मिला। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने खुद को गुलाबपुरा निवासी गोपाल पुत्र भैरूलाल सैन बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो कपड़ों में छिपाकर रखी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने सैन को डिटेन किया और थाने ले गई। पुलिस ने पिस्टल व कारतूस जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुये गोपाल सैन को गिरफ्तार कर लिया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश शुरू

भीलवाड़ा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 14 वर्ष से अधिक आयु के अभ्यर्थियें, महिला एवं पुरूष दोनों के लिए प्रवेश सत्र 2021-22 हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के आचार्य फूल चन्द मीणा ने बताया कि इस संस्थान में मैकेनिक डिजल, मैकेनिक ट्रेक्टर, प्लम्बर, वेल्डर, टर्नर, फिटर, विद्युत वायरमेन स्वीईंग टेक्नॉलोजी उपरोक्त युनिटो में आंवटित सीटो पर अभ्यार्थी राजस्थान सरकार के एकीकृत पॉर्टल ई मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है । ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने एवं निर्धारित आवेदन शुल्क ई मित्र के माध्यम से जमा करवाने की अन्तिम 14 अगस्त है।

पुलिया के पास मिली युवक की खून सनी लाश

भीलवाड़ा। जिले के मांडल कस्बे मे पुलिया के पास एक युवक की खुनसनी लाश पाई गई। युवक शराब के नशे में था जो अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत का शिकार हो गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पहचान के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जीआरपी चौकी प्रभारी महावीर प्रसाद मोठिया ने बताया की मंगलवार-बुधवार मध्यरात्रि १:१५ बजे सूचना मिली की मांडल ओवरब्रिज से भीलवाड़ा की साइड पुलिया पर एक युवक की खुनसनी लाश पड़ी है। सूचना मिलने पर वह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में कर महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया की मृतक की उम्र करीब २५ साल है और उसने स्कूल जैसी नीली शर्ट व जींस की पेंट पहन रखी है। उसके हाथ पर सुरेश नाम गुदा हुआ है। मृतक की बॉडी से शराब की बदबू भी आ रही है ऐसे में संभवतया वह नशे में था। मृतक की पहचान के लिए मांडल से भी लोगों को बुलाया गया लेकिन मांडल क्षेत्र का नहीं होने से उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। पहचान के बाद ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

विद्या संबल गेस्ट फेकल्टी पेनल की आवेदन तिथि बढाई

भीलवाड़ा। सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य एव नोडल अधिकारी श्री कैलाश पंचोली ने बताया कि नवीन स्थापित कैलाश त्रिवेदी राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापुर भीलवाडा में सत्र 2021-22 में राज्य सरकार की विद्या संबल योजना के अंतर्गत अध्यापन कार्य करवाने हेतु गेस्ट फेकल्टी का पेनल बनाने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 10 अगस्त तक मांगे गए थे। आवेदन पत्र की हार्डकॉपी मय समस्त दस्तावेज नोडल अधिकारी को पहुंचाने की अंतिम तिथि को 26 अगस्त सॉय 5 बजे तक बढ़ा दिया गया है।

साधु-साध्वियों का वैक्सीनेशन

भीलवाड़ा। आचार्य महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति के तत्वावधान मे तेरापंथ नगर, में विराजित आचार्य महाश्रमण जी एवं लगभग सवा सौ साधु-साध्वियों के कोरोना वेक्सीन लगाई गई। प्रवास समिति के मेडिकल संयोजक गौतम दुगड़ ने बताया कि सीएमएचओ डॉ. मुस्ताक खान ने साधु-साध्वियों के लिए एक विशेष पोर्टल तैयार करवाया गया था। डिप्टी सीएमएचओ संजीव शर्मा की अगुआई में डॉ.अभिनव निर्माण एवं डॉ.चेतन सामरा द्वारा टीके लगाए। अधिकतर साधु-साध्वियों के टीके की दूसरी डोज लगाई गई। इस मौके पर प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रकाश सुतरिया, टीपीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज ओस्तवाल, डॉ.एल.एल. सिंघवी, टीपीएफ अध्यक्ष राकेश सुतरिया आदि उपस्थित थे।

चिकित्सा सामग्री भेंट की

भीलवाड़ा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) ढीकोला पर रोगियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से लायंस क्लब भीलवाड़ा स्टार ने आवश्यक चिकित्सीय सामग्री भेंट की। क्लब अध्यक्ष अंजली नेनावटी ने बताया कि 2 बेड, 2 साइड लॉकर अलमारी, 2 ड्रिप स्टेंड, स्ट्रेचर, डिलीवरी टेबल आदि कई प्रकार की सामग्री भेंट की गई।

रोडवेज बस स्टेंड के सामने गंदगी का साम्राज्य

भीलवाड़ा। शहर में रोडवेज बस स्टेंड चौराहे पर स्थित नाला कई दिनों से गंदगी से अटा पड़ा है। खंडेलवाल भोजनालय के पास स्थित इस नाले की गंदगी से लोग परेशान हैं। नगर परिषद ने बरसात के पिछले सीजन में भी सफाई के नाम पर 88 लाख रुपए खर्च किए थे। इस बार भी लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद नालों की प्रॉपर सफाई नहीं होने से बरसात में परेशानी पैदा कर सकते हैं। आम आदमी सेवा प्रकोष्ठ प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा ने नगर परिषद से इस नाले की सफाई करवाने की मांग की है।

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक - F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a)B2/File No.(9264) 2019-20 JAIPUR Dated - 23/07/2021 के द्वारा M/s. Tripta Projects and Infrastructure, Add.-3, Sadashiv Properties, Central Gurudwara, Katraas Road, Distt.-Dhanbad (Jharkhand) को निकट ग्राम- नारेली (Narelli), तहसील-करेड़ा, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन Plot No.-130, क्षेत्रफल 1.50 हैक्टेयर [illegible] खनन के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

M/s Tripta Projects and Infrastructure

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक - F1(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a)B2(19267)/2019-20 JAIPUR Dated - 23/07/2021 के द्वारा M/s. Tripta Projects and Infrastructure, Add.-3, Sadashiv Properties, Central Gurudwara, Katraas Road, Distt.-Dhanbad (Jharkhand) को निकट ग्राम- नारेली (Narelli), तहसील-करेड़ा, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन Plot No.-127, क्षेत्रफल 1.50 हैक्टेयर [illegible] खनन के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

M/s Tripta Projects and Infrastructure

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	किशन स्वरूप जैन-14996	14121	1392571-1392670	100

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 11-08-2021
स्थान: नई दिल्ली